FA	1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा :	6	विषय :	सामाजिक विज्ञान
Paper Code :	6081	पूर्णांक :	10

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड 'अ'

(अंक 05)

LO – SST-623 - सरकार की भूमिका का वर्णन करते हैं, विशेषकर स्थानीय स्तर पर

गतिविधि 1 – ग्राम पंचायत का चुनाव

निर्देश –कक्षा में ग्राम पंचायत के चुनाव की प्रक्रिया का अभिनय (Role Play) निम्नांकित बिंदुओं पर करवाएँ –

(i) नामांकन
(ii) चुनाव–प्रचार
(iii) मतदान
(iv) मतगणना
(v) परिणाम
(vi) उपसरपंच का चयन
(vii) ग्राम पंचायत की बैठक
(viii) ग्राम पंचायत के कार्यों की समीक्षा

गतिविधि 2 – जनपद पंचायत संबंधी चर्चा

निर्देश –कक्षा में जनपद पंचायत संबंधी पर्ची बनाकर एक बॉक्स में रखें। अब प्रत्येक बच्चे को एक पर्ची उठाने को कहें। पर्ची में दिए गए विषय पर कुछ समय /पढ़ने/सोचने/चर्चा करने के लिए दें। फिर बारी–बारी से प्रत्येक बच्चे को प्राप्त पर्ची के विषय पर विचार अभिव्यक्त करने को कहें।

गतिविधि 3 – ग्राम सभा में योजना का क्रियान्वयन

किसी भी सरकारी योजना का क्रियान्वयन ग्राम सभा की बैठक में कैसे किया जाता है? इस प्रक्रिया का कक्षा में अभिनय करवाएँ –

खण्ड 'ब'

(अंक 05)

LO – SST-617 - विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं से संबंधित जानकारी का समन्वय करना।

गतिविधि–1 अपने विद्यालय की जानकारी–

निर्देश –बच्चों को अपने विद्यालय का इतिहास निम्नांकित बिन्दुओं के किन्हीं पाँच आधारों पर लिखने के लिए कहें:–

(i) विद्यालय कब बना?

(ii) किसने बनवाया?

(iii) विद्यालय भवन किससे बना है?

(iv) कौन–कौन शिक्षक कब से पदस्थ हैं?

(v) वे कौन–कौन से विषय पढ़ाते हैं?

(vi) उनके पढ़ाए गए बच्चे कौन–कौन से पद पर पदस्थ हैं?

(vii) पहले आपके विद्यालय का स्वरूप कैसा था?

(viii) वर्तमान में आपके विद्यालय में कौन–कौन सी सुविधाएँ उपलब्ध हैं?

(iX) अपने विद्यालय को बेहतर बनाने के लिए आप क्या–क्या करना चाहेंगे?

गतिविधि 2 – छत्तीसगढ़ के दर्शनीय स्थलों की जानकारी

छत्तीसगढ़ के दर्शनीय स्थलों से संबंधित किन्हीं 10 चित्रों को संकलित कर तालिका में दी गई जानकारी के अनुसार लिखने के लिए कहें।

क्र	चित्र	चित्र का नाम	चित्र कहाँ का है	महत्वपूर्ण जानकारी
1				
2				
3				
4				
5				
6				
7				
8				
9				
10				

गतिविधि –3 गाँव की जानकारी–

आपके आसपास के गाँवों से संबंधित जानकारी को निम्नांकित बिन्दुओं में दर्शाइये –

(i) गाँव का नाम

(ii) किस विकासखंड में आता है?

(iii) विकासखंड से दूरी

(iv) जिले का नाम

(v) अनुमानित जनसंख्या

(vi) प्रमुख व्यवसाय

(vii) प्रमुख त्यौहार

(viii) प्रमुख पकवान

(iX) प्रशासनिक व्यवस्था

(X) आपके गाँव से संबंधित राष्ट्रीय राजमार्ग

(Xi) वहाँ से संबंधित विशेष बातें

——00——